तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 21 अगस्त 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



दो दुकानों का ताला तोड़कर नकद व कपड़ों को चोरी ... 14





धान से भरे ट्रक को लेकर फरार मामले में चालक ... 14




## खबर संक्षेप

### वृद्ध की जहर खाने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कापसी निवासी 40 वर्षीय देवचंद हिड़को ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। भोड़िया निवासी 60 वर्षीय नारद कुरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 18 से 19 अगस्त की रात को अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### जिले में अब तक की गई 10004 मिली वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 1 जून से अब तक कुल 10004.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 1202.1 मिलीमीटर तथा सबसे कम सरोना तहसील में 609.7 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 627.3 मिलीमीटर, चारामा में 820.2 मिमी, अंतागढ़ में 1041.5, पखांजूर में 761, नरहरपुर में 664.4, आमाबेड़ा में 1105.1, कोयलीबेड़ा में 1091 और बांदे में 940 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे अधिक 84.2 मिलीमीटर और अंतागढ़ तहसील में सबसे कम 12.1 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

हादसा : हाईवा चालक की जैसे तैसे बची जान, डर के चलते हो गया फरार

# कांकेर से भानुप्रतापपुर मार्ग पर अंततः लौह अयस्क से भरी हाईवा अनियंत्रित होकर पलटी, सड़क में नजर आ रहे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

नारायणपुर से भानुप्रतापपुर की ओर जा रही लौह अयस्क से भरी एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 2028 भानबेड़ा चढ़ाव के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि हाईवा सड़क पर बुरी तरह से उलटकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हरिभूमि ने इस सड़क की बिगड़ी स्थिति को लेकर सचेत किया और हादसा हो गया। कांकेर से भानुप्रतापपुर मार्ग पर प्रतिदिन कम से कम लौह अयस्क के 500 ट्रक एवं हाईवा इस मार्ग पर चलते है, जिसके चलते इस सड़क की परते पूरी तरह से उखड़ गई है। जगह जगह गड्ढे हो गए है। हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 2028 के पलटने से गनीमत रही ▶▶| शेष पेज 12 पर

- हरिभूमि ने सड़क की हालत को लेकर 20 अगस्त को किया था आगाह

हरिभूमि लगातार





### दोपहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार

दो पहिया वाहन चालको को इस सड़क पर चलने पर बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन नए गड़ढे हो जाने के चलते दोपहिया वाहन चालक को गड्ढे समझ में नहीं आते है और प्रतिदिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इसकी जिम्मेदारी लौह अयस्क में चलने वाले वाहनों के कारण ऐसा हो रहा है। लौह अयस्क से जुड़े माफिया सभी की जबान को दबाने के लिए कई प्रकार के प्रयास करते रहते है।



कांकेरवासियों ने प्रशासन और कंपनी से सड़क बनाने की मांग की

लौह अयस्क परिवहन से कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग की परतें उखड़ीं, लाखों जनता हैं परेशान

### भारी वाहनों की जांच की मांग की

लौह अयस्क से चलने वाले सभी वाहनों के ओवरलोड की जांच की मांग लगातार इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण कर रहे है, परंतु जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। इन वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए न तो आरटीओ विभाग गंभीर दिखता है औ न ही इसके लिए अन्य जिम्मेदार विभाग सामने आ रहे है। भारी वाहनों के कारण सड़क की स्थिति पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, इससे सरकार और विभाग कब सक्रियता दिखाएंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### सड़कों पर उतर सकते है ग्रामीण

*सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए इस सड़क किनारे निवासरत ग्रामीण कभी भी सड़क पर उतर सकते हैं, उनका कहना है कि मीडिया प्रशासन और सरकार के सामने ला रहे है। मीडिया के द्वारा संज्ञान में लाए जाने के बाद भी सड़क की दुर्दशा पर सुधार के लिए पहल शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण सड़क पर आंदोलन के लिए उतर सकते है।*

### हरिभूमि ने चेताया, हो गया हादसा

*हरिभूमि ने सड़क को लेकर 20 अगस्त को चेताया और सड़क की दुर्दशा की जानकारी दी। अंततः 20 अगस्त को दोपहर को लौह अयस्क से भरी हाईवा ही हादसे की शिकार हो गई। कई ऐसे वाहन है, जिनके सभी कागज भी पूरे नहीं है। इसके बावजूद सड़को पर लौह अयस्क से भरे वाहन दौड़ रहे है। परिवहन विभाग ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे स्थिति दयनीय बनी हुई है।*

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवती की मौत

**भानुप्रतापपुर।** अंतागढ़ मार्ग पर सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। झारखंड गैरेज कन्हारगांव के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से नारायणपुर निवासी 30 वर्षीय युवती लक्ष्मी यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लक्ष्मी यादव गौतम हॉस्पिटल नारायणपुर की कैंटीन में कार्यरत थी। सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते ▶▶| शेष पेज 12 पर



### वन विभाग का पांच साल पहले बना तालाब फूटा

**बासनवाही/दुधावा।** नरहरपुर के सरोना वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांडाभर्री में वन विभाग के द्वारा लाखों रुपए की लागत से पाँच साल पहले तालाब बनाया गया था। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते बारिश में मंगलवार रात को मांडाभर्री तालाब फूट गया, जिससे दर्जनों किसानों का फसल चौपट हो गया है। तालाब का पानी कम होने के बाद ग्रामीण मछली पकड़ते नजर आए, वहीं किसानों ने नुकसान की भरपाई करने मुआवजा की मांग किया है। नरहरपुर के सरोना वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांडाभर्री पांच साल पहले बनाया गया था, विभाग का उद्देश्य था कि वन्य प्राणियों को पानी मिलेगा और साथ ही जल संरक्षण के लिए यह तालाब महत्वपूर्ण था। ग्रामीणों की मानें तो मांडाभर्री में किसानों की खेती बाड़ी में सहूलियत के लिए वन विभाग द्वारा लाखों की ▶▶| शेष पेज 12 पर



- किसानों की फसल हुई बर्बाद

### जांच कर कार्रवाई करेंगे

वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि नरवा योजना के तहत 2019-20 में इसे बनाया गया था। तालाब को बने पाँच साल हो गए और अभी तक स्थिति ठीक थी। अचानक तालाब फूटा है, उसके कारणो की जाँच किया जाएगा। जाँच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। स्वयं स्थल पहुँचकर निरीक्षण करूंगा।




## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पिपरौद निवासी 85 वर्षीय झाडूराम साहू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिपरौद निवासी 55 वर्षीय प्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 19 अगस्त की रात को अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के पाटी में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाल तिहार एवं नवाखाई मनाई जाएगी 25 को

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम हलांजुर में परमाह मुदिया देव का बाल तिहार एवं नवाखाई 25 अगस्त को मनाया जाएगा। देव गायता चैनूराम कुमोटी, रानूराम जांगी, रानूराम कोवा, सीदूराम गावड़े मोहंडा मांझी, दानूराम कुमेटी देव पठाड़ी ने बताया कि परमाह मुदिया देव का बाल एवं नवाखाई त्यौहार 25 अगस्त को होगी। इस अवसर पर परमाह मुदिया देव को धान के नए बाली और नया चांवल चढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर चौदह भाई भूमकाल, अक्को मामा अवश्य शामिल होंगे।

### डॉ. माणिक बने हिंदी सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. माणिक विश्वकर्मा नवरंग को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में राष्ट्रीय सदस्य के रूप में चुना गया है। यह नियुक्ति भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की अनुमति के बाद की गई है। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव मीनाक्षी जौली द्वारा जारी की गई है। इससे छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ एवं विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों, सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। डॉ. माणिक ने कहा कि वे मंत्रालय के साथ मिलकर तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में हिंदी भाषा के समावेश और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

### यूथ हॉस्टल इकाई संगठन का विस्तार

**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय संस्था यूथ हॉस्टल की इकाई की बैठक में सचिव रेखा परेया ने संस्था के मीडिया प्रभारी मनीष मूलचंदानी को बताया कि सलाहकार के तौर पर डॉ आजाद और डॉ प्रदीप पांडे ने ज़िम्मेदारी ली। इनके अलावा एपीसी एडवेंचर कॉर्डिनेटर में आशिफ, ईपीसी योगेश गर्ग,एचडीसी छात्रावास विकास समन्वयक ललित अग्रवाल,सीपीसी सांस्कृतिक कार्यक्रम की हितेश ने जिम्मेदारी ली। सह सचिव निकिता,सह कोषाध्यक्ष बलराम को बनाया गया है। इनके अलावा 5 नए कार्यकारिणी सदस्य कनक,रोहित,संगीता,मंगली,प्रियंका चुने गए हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट का आयोजन 22 अगस्त को किया गया है। प्राचार्य आईटीआई बस्तर एके मण्डले से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट में आईटीआई के व्यवसाय-मशीनिष्ट, टर्नर, फिटर एवं वेल्डर के उत्तीर्ण व अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट में अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आईटीआई उत्तीर्ण तथा अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत युवाओं को इस अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर जिंदल स्टील एवं पावर रायपुर के मानव संसाधन प्रबंधक एवं स्टॉफ उपस्थित रहेंगे।

### कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

**जगदलपुर।** राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा उनके तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौर्य ने बताया राजीव गांधी एक दूरदर्शी सोच वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने सूचना क्रांति की नींव रखकर भारत को एक नए युग की ओर अग्रसर किया।

विडंबना :फिर खुलने लगी दुकान

# मेडिकल स्टोर संचालक की लापरवाही पर नहीं हो पाई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

कापसी बाजार में बस्तर मेडिकल नामक एक दुकान पर एक महिला की संदिग्ध मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि दुकान संचालक जिसके पास डॉक्टर की डिग्री नहीं है, उसने महिला को इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लापरवाही पर जाँच नहीं हुई और कई दिनों तक दुकान बंद होने के बाद फिर से खुल गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर घटना के बावजूद, स्वास्थ्य विभाग ने न तो दुकान को सील किया और न ही संचालक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की। लोगों का कहना है कि यह नियमों का खुला उल्लंघन है। हैरानी की बात यह है कि वही संचालक बेखौफ होकर आज भी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को इंजेक्शन लगा रहा है। स्थानीय निवासियों ने स्थानीय प्रशासन की इस निष्क्रियता पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में और भी निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। ग्रामीणों ने परलकोट क्षेत्र में चल रहे मेडिकल लाइसेंस के खेल का भी खुलासा किया है। उनका आरोप है कि कई मेडिकल दुकानें ऐसे लोगों द्वारा चलाई जा रही हैं, जिनके पास फर्जी लाइसेंस है। गैर-प्रशिक्षित लोग बेखौफ होकर मरीजों को दवाइयां और इंजेक्शन दे रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग इस पर आँखें मूंदे बैठा है।

### एक महिला की मौत नहीं, पूरे सिस्टम की विफलता

ग्रामीणों का मानना है कि यह केवल एक महिला की मौत नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था और स्थानीय प्रशासन की पूरी विफलता को दिखाता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग किया है। लोगों में इस बात का गुस्सा है कि इतने गंभीर मामले में भी कोई जांच कमेटी क्यों नहीं बनाई गई और दोषी पर अब तक कोई शिकंजा क्यों नहीं कसा गया। यह घटना पूरे इलाके में व्याप्त अनियंत्रित स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलती है।

### घटना की किया निंदा

कांग्रेस नेता रूप सिंह पोटाई ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इसे शर्मनाक बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी सरकार और विभागों की साठ-गांठ को दर्शाती है। पोटाई ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो उनकी पार्टी आंदोलन करेगी।

### जांच के लिए होगी टीम गठित

सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर ने कहा कि जाँच के लिए टीम का गठन किया जाएगा। महिला की मौत के बाद कितने दिन मेडिकल स्टोर बंद रहा और पुराने अधिकारियों ने क्या कार्यवाही किया था, उसकी जानकारी लिया जाएगा। जाँच टीम जाँच करने के उपरांत जो रिपोर्ट मिलेगी, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा इकाई कांकेर के तत्वावधान में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि वैज्ञानिक चेतना का विकास समाज को अंधविश्वास, भ्रांतियों और कुरीतियों से मुक्त करता है तथा आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में सहायक बनता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। जिनमें विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने का संदेश व्याख्याता भरत कुमार श्रीवास्तव दिया गया। डॉ. नरेंद्र दाभोलकर शहादत दिवस 20 अगस्त अगस्त 2013 को पुणे में सुबह टहलने के दौरान अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। उनकी शहादत के बाद पूरे देश में अंधश्रद्धा विरोधी आंदोलन और तेज हुआ तथा महाराष्ट्र सरकार ने अंधश्रद्धा निर्मूलन अधिनियम 2013 लागू किया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा प्रतिनिधि राजेन्द्र नेताम, अनुपम कुमार जोफर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में तार्किकता, जिज्ञासा और शोध की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में दुष्यंत सोनकर, लिप्सा ठाकुर, मोनिका जुर्री एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी की तैयारी शुरू, कारीगर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

गणेश चतुर्थी का पावन पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पूरे देश में उत्सव का माहौल बनता जा रहा है। परलकोट के सभी गांवो में गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है भगवान गणेश की मूर्तियों का निर्माण। कारीगर दिन-रात मेहनत करके मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इस साल भी, भक्तों में पर्यावरण अनुकूल गणेश मूर्तियों को लेकर जागरूकता बढ़ी है। कई जगहों पर कारीगर विशेष रूप से मिट्टी से बनी मूर्तियों पर काम कर रहे हैं, जो विसर्जन के बाद आसानी से घुल जाती हैं और जल प्रदूषण नहीं फैलातीं। परलकोट के कारीगर ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से हमारी टीम लगातार काम कर रही है। मिट्टी की मूर्तियों को बनाना एक संवेदनशील काम है, जिसमें बहुत धैर्य और कला की जरूरत होती है। हम अभी मूर्तियों को रंगने और सजाने का काम कर रहे हैं। हर मूर्ति को अंतिम रूप देते समय हमें लगता है कि हम एक जीवंत रूप को आकार दे रहे हैं। बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। पूजा सामग्री से लेकर रंग-बिरंगी सजावट का सामान, सब कुछ दुकानों में उपलब्ध है। भक्तों ने अपने घरों और पंडालों में गणेश जी के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस वर्ष गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर बना तालाब

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात का पानी भर जाने से उत्पन्न अव्यवस्था शीघ्र कार्यवाही कर उचित व्यवस्था करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने मांगपत्र सौंपा। शहर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात के मौसम में पानी भर जाने के कारण विद्यालय के समस्त बच्चे तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को पूरे दिन गिले मोजे और जूते के साथ बैठना पड़ता है। युवा कांग्रेस मांग करता है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात का पानी भर जाने के कारण उत्पन्न अव्यवस्था से निजात पाने हेतु जल्द कार्यवाही कर व्यवस्था करें।जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने आत्मानंद विद्यालय परिसर में शीघ्र उचित कार्यवाही कर व्यवस्था दुरस्त करने का आश्वासन दिया।

## सामाजिक अंकेक्षण की टीम और शिक्षकों की कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संकुल मेंडो और कोदापाखा की स्कूलों की सामाजिक अंकेक्षण की टीम और शिक्षकों का कार्यशाला का आयोजन संकुल मुख्यालय कोदापाखा में किया गया।

संकुल प्राचार्य मेडो हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी से बच्चों की पढ़ाई का आंकलन किया जाएगा और स्कूलों की ग्रेडिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना। शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और तकनीकी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना। पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद और सहभागिता बढ़ाना। स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, छात्रों की उपलब्धियां और आधारभूत सुविधाओं के आधार पर ग्रेडिंग, स्कूलों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना। स्थानीय समुदाय को स्कूलों के विकास में शामिल करना। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना।

इस अभियान के माध्यम से, छत्तीसगढ़ सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। संकुल प्राचार्य घना राम कश्यप ने सभी संस्था से इसके लिए आवश्यक तैयारी, आमंत्रण पत्र का वितरण, पेय जल की व्यवस्था, समुदाय के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन जैसे कार्य करने की बात कही। संकुल समन्वयक किशोर विश्वकर्मा संकुल मेडो, राम चंद्र दुग्गा संकुल समन्वयक संकुल कोदापाखा ने इस कार्य शाला के लिए पीपीटी की व्यवस्था सामाजिक अंकेक्षण टीम को जानकारी देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यशाला में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगवान राम गावड़े, नेमा लाल कोमरा, गणेश दुग्गा, मधुराम नेताम, मेर सिंह कोमरा, सुरेन्द्र नेताम, पंचम नरेटी, ऊषा तारम, सुलोचना सोम, बिन्द्रा कोमरा, नंदू राम दुग्गा, मिलन देहारी व अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिवक्ता संघ से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन

- राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का होगा प्रयास



आगामी 13 सितम्बर को प्रस्तावित है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारियों को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार ध्रुव ने 20 अगस्त को अधिवक्ता संघ की बैठक लेकर अधिवक्ताओं से विशेष चर्चा किया। आयोजित बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किए जाएं।

साथ ही अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों को प्रकरणों पर राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के संबंध में समझाइश दें तथा उन्हें राजीनामा के लिए चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आएं। इसके अलावा नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से आवश्यक चर्चा किया गया।

आयोजित बैठक में कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश विभा पांडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु जैन, अधिवक्ता संघ कांकेर के अध्यक्ष नरेंद्र देव दवे सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित की गई विविध प्रतियोगिता



**दुर्गुकोंदल।** सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गुकोंदल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया, जिसमें 50 भैया बहनों के द्वारा राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सज कर आए थे। कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में पहला स्थान पर श्रेयांश भारद्वाज, दूसरे अयान कुलकाने व तीसरा स्थान पर लियाना साहू, इसी प्रकार राधा सजाओ प्रतियोगिता में पहला स्थान हुमानी मरकाम, दूसरा स्थान शिवन्या व तीसरे स्थान पर लुविका देवांगन रही। उपस्थित माताओं के लिए विद्यालय की ओर से बाल्टी में गेंद डालो प्रतियोगिता रखा गया, जिसमें पहला स्थान टिकेश्वरी साहू, दूसरा स्थान बसंती कुरेटी एवं तीसरा स्थान ओजस्वी सलाम रही। खेल चम्मच दौड़ में पहला स्थान ओजस्वी सलाम, दूसरा स्थान शकुंतला नरेटी व तीसरा स्थान जागोतिन पुडो रही। अतिथियों के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्यो का सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षिका देवकुमारी परिहार एवं ग्राम पंचायत सरपंच शकुन्तला नरेटी रही।

बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर होने वाले नुकसान को बताया

## विधिक साक्षरता शिविर में बाल विवाह की रोकथाम के लिए दिलायी शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 20 अगस्त को एकलव्य आवासीय विद्यालय इमलीपारा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट अम्बा शाह के द्वारा पॉक्सो एक्ट अंतर्गत नाबालिग बालकों को कैसे बचाव करना है के संबंध में जानकारी दी गई। मोटर दुर्घटना एक्ट अंतर्गत 18 वर्ष के पश्चात ही ड्रायविंग लाइसेंस जारी किया जाता है। बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी गई। आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट के द्वारा साइबर क्राइम अंतर्गत मोबाइल एवं सोशल मीडिया से होने वाले अपराध एवं रोकथाम एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी के द्वारा बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम रोकथाम के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान बालिका सुरक्षा माहह अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई तथा महिला एवं बाल विकास के योजनान्तर्गत अपराध की रोकथाम के लिए सहायता के लिए 1098 टोलफ्री नंबर की सेवा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वालिंटियर जान्हवी यादव के द्वारा द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए न्यायालयों में पैरालीगल वालिटियर्स कैसे कार्य करते है उनकी भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लिए बाल विवाह के रोकथाम के लिए शपथ दिलाया गया। शिविर में किशोर न्याय बोर्ड सदस्य हेमलता वैष्णव, किशोर न्याय बोर्ड विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कौशिक एवं एकलव्य विद्यालय प्राचार्य अशोक शर्मा एवं पुलकीत कन्नौजिया, अवनीश पॉल, प्रीति, डिम्पी एवं प्रिंस गुप्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### कांकेर से भानुप्रतापपुर...

कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा चालक वाहन को नियंत्रण में नहीं रख पाया और वाहन पलटने के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क पर पलटी हाईवा को देखने के लिए भीड़ जुट गई। फिलहाल पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। यह हादसा सड़क सुरक्षा और ओवरलोड वाहनों की स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े करता है।

### अज्ञात वाहन...

समय कन्हारगांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से युवती के सिर में गंभीर चोट आई और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर वाहन के टायरों के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

### वन विभाग का ...

लागत से तालाब निर्माण करवाया गया था, लेकिन क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते मंगलवार यानी 19 अगस्त की रात को तालाब फूट गया, जिससे किसानो के ऊपर आफत आ गई। तालाब के फूटने से तालाब के आसपास के किसानों के धान की खेती बर्बाद हो गई और किसानों के माथे में चिंता नजर आ रही है। तालाब के फूटने से खेतों में रेती पत्थर पट चुका है। साथ ही तालाब के पानी से खेत जलमग्न हो गए है। पीड़ति किसानों ने कहा कि धन की फसल से पूरे परिवार का सालभर का भरणपोषण होता है। ऐसी स्थिति में जीवनयापन में भारी कष्ट उठाना पड़ेगा। फसल बरबाद होने पर खेत मालिकों ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में अब तक 1008.4 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 1008.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1186.1 मिमी. औसत वर्षा बीजापुर में दर्ज की गई है। इसी तरह कुटरू में 1156.5 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ में 1117.8 मिमी. वर्षा, गंगालूर में 1117.2 मिमी. वर्षा, उसूर में 812.4 मिमी. वर्षा एवं भोपालपटनम में 660.3 वर्षा दर्ज की गई है।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



**लोहंडीगुड़ा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को जयंती मनाई गई। लोहंडीगुड़ा के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप, महेश कश्यप, ललित पाण्डेय, विजय उइके, केदार सिंह, बारसू राम नाग व भावर मौर्य ने राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में मरीज़ों को फल वितरण किया है। राजीव गांधी को याद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्होंने देश को तकनीकी क्रांति और आधुनिक भारत की नींव दी। उन्होंने आईटी और कंप्यूटिंग को भारत में बढ़ावा दिया है। राजीव गांधी को भारत में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का अगुवा माना जाता है। उन्होंने कंप्यूटर और माइक्रो-प्रोसेसर आधारित तकनीक को नीतिगत स्तर पर स्वीकृति दी। आयात-उन्मुख बाधाओं को कम किया और घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में कंप्यूटर शिक्षा और डेटा प्रोसेसिंग पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बाद में भारत आईटी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बन पाया। आज बैंकिंग, बीमा, डाकघर और सरकारी दफ्तरों में डिजिटल सेवाओं का उपयोग उनकी नींव का ही नतीजा है।

### शैक्षणिक संस्थानों में हुआ न्योता भोज



**गीदम।** आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में गीदम विकासखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इसी अवसर पर प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गीदम विकासखंड के 152 प्राथमिक एवं 72 माध्यमिक विद्यालयों में एक साथ न्योता भोज सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके पालकगण, शाला विकास समिति के सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में तिरंगा झंडा फहराने के उपरांत सामूहिक रूप से सभी ने भोजन कर आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत आयोजित इस न्योता भोज ने न केवल विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि विद्यालय और समाज के बीच सहयोग एवं सहभागिता को भी सशक्त किया।

# कलेक्टर ने बेदरे में निर्माण कार्यों और शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने बेदरे क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्र तथा पोटा

- **एम्बुलेंस व स्वास्थ्य सेवाओं को जल्द उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन**

केबिन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले कलेक्टर ने बेदरे में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा पुल का निर्माण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर एवं सीईओ ने शासकीय बालक आश्रम और कन्या आश्रम बेदरे का निरीक्षण किया। आश्रमों में रह रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण



पर कोई कमी न हो । निरीक्षण के दौरान नवीन कन्या आश्रम भवन का भी अवलोकन किया गया, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेदरे का निरीक्षण किया। यहां उपस्थित ग्रामीणों ने कलेक्टर से एम्बुलेंस सुविधा, चिकित्सक एवं पर्याप्त स्वास्थ्य स्टाफ की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोटा केबिन बेदरे का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के रहने और पढ़ने के लिए सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बच्चों को बीमारियों से बचाने हेतु स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया तथा पोटा केबिन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## एजुकेशन हब जावंगा अब बनेगा स्पोर्ट्स सिटी

# कलेक्टर ने जावंगा एजुकेशन सिटी में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

एजुकेशन सिटी जावंगा को जिले में शिक्षा हब की संज्ञा दी जाती है अब यहां मूलभूत खेल सुविधाएं और अधोसंरचना विकसित कर इसे एक स्पोर्ट्स सिटी रूप देने का जिला प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है। इन सुविधाओं की बदौलत

- **प्रशासन बेसिक खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए है अग्रसर**

स्थानीय स्तर के खिलाड़ियों को सर्व सुविधा युक्त खेल परिसर मिलेगा। इसके अलावा वे अपने पसंदीदा खेल को परिष्कृत कर उसमें पारगंत होने में भी शुरुआती मदद मिलेगी।

इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा यहां क्रिकेट स्टेडियम, आर्चरी रेंज, खेल मानकों के अनुसार स्वीमिंग पूल, का निर्माण किया



जा रहा है। आज इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पूल, आर्चरी रेंज (तीरंदाजी) का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में शेड, पवेलियन, गैलरी, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्टेडियम में लाइटिंग व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा इसके पूर्ण होने के मियाद भी निर्धारित की।

इस अवसर पर कलेक्टर ने तीरंदाजी के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पूरी लगन से इसे इसमें महारत हासिल करने की समझाइश दी इस दौरान उन्होंने भी तीरंदाजी के लक्ष्य बोर्ड पर निशाना साधा। मौके पर उन्होंने कहा कि गीदम जावंगा एजुकेशन सिटी में खेल सुविधाओं को विकसित करने का उद्देश्य यह है कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रारंभिक दौर की सभी खेल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा खेलो इडिया खेलो एवं बस्तर ओलोपिंक जैसी स्पर्धाएं भी यहां सफलतापूर्वक आयोजित की जा सकेगीं। पूर्व में भी राज्य एवं राष्ट्रीय खेलों में भी स्थानीय प्रतिभाओं ने उत्साहजनक प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। अतः आगामी दिनों में निश्चय ही यहां के खिलाड़ियों के लिए जावंगा स्पोर्ट्स सिटी एक बेहतर मंच के रूप में विख्यात होगा। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## समय सीमा और गुणवत्ता में कार्य न होने पर कार्य एजेंसियां होगी जवाबदेह

कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने आज बारसूर नगर पंचायत अन्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यों की वर्तमान प्रगति गुणवत्ता और समय सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने की दिशा में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसूर में ही बारसूर जलाशय के समीप बनाये जा रहे ''जिप लाईन'' निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस ऐतिहासिक तालाब के पर बनाए जा रहे ''जिप लाईन'' निर्माण से पर्यटक टावर के माध्यम से इस जलाशय के विहंगम दृश्य का आनंद ले सकेगें। इसके अलावा यहां पर प्रशासन द्वारा वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। और बारसूर जलाशय में पर्यटकों हेतु बोट सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिससे यहां न केवल भ्रमण उद्धेश्य से लोगों की आवाजाही में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध होंगे। कलेक्टर ने यहां बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, एवं चौपाटी का निर्माण की जाने की भी बात कही साथ ही इसके संचालन हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं को तैयार किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सातधार मार्ग स्थित पर्यटक ''काटेज निर्माण'' कार्य का भी मुआयना कर इसकी समय सीमा निर्धारित किया। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# आश्रम अधीक्षक के बिगड़े बोल, शासन ने मुझे हैंडोवर की है इसलिए यह मेरा


बीमार बच्चों को अस्पताल भेजने की अधीक्षक को फुर्सत नहीं
गंदगी से 11 बच्चे बीमार, पानी टपकते छत के नीचे सोने मजबूर

- **नोटिस देकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से हो जाते हैं बरी, अव्यवस्थाएं जस की तस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीमार बच्चों का इलाज नहीं कराने वाले लापरवाह आश्रम अधीक्षक के बिगड़े बोल, सरकार ने मुझे आश्रम हैंडोवर किया, किसकी इजाजत से आप प्रवेश किये।

गौरतलब हैं की कल उसूर ब्लॉक के गलगम आश्रम में 11 मासूम बीमार पाये गये, गंदगी औऱ आश्रम में रख रखाव की व्यवस्था दयनीय थी, लेकिन आश्रम अधीक्षक को सब कुछ सही लग रहा हैं। उनके नज़रिये से आश्रम में क़ोई गंदगी नहीं हैं और न ही बच्चे बीमार हैं। आश्रम अधीक्षक कन्ना सोढ़ी से बात कर बच्चों को हॉस्पिटल में दाखिल कराने के संदर्भ में पूछने पर कहा की क़ोई बच्चा बीमार नहीं हैं। सभी भले चंगे हैं। कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करा दिया था। साफ सफाई औऱ प्रसाधन की व्यवसाथ नहीं होने के सवाल पर बिलख गये। जिनका कहना हैं आश्रम में आप किसकी इजाजत से अंदर प्रवेश किये, किसने अधिकार दिया हैं, सरकार नें मूझे आश्रम हैण्डओर किया इसलिये वह मेरा घर



हैं। आश्रम अधीक्षक के लेहजा के अनुसार यह साफ लग रहा हैं जंगलों में रहने वाले आदिवासी बच्चों को अच्छी व्यवस्था क्यों दें आखिर जिम्मेदार इन बदहाल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना जरूरी क्यों नहीं समझ रहे।

### स्कूल में वाटर कूलर मगर कभी चालू ही नहीं किया

आश्रम में वाटर कूलर मगर कभी चालू ही नहीं किया, हैंडपम्प, बोर का अयान पानी पीते हैं जिन्हे मासूम बच्चो को शुद्ध-अशुद्ध पानी का फर्क नहीं मालूम, बीमारी का मुख्य कारण यह भी हैं की दूषित पानी से बच्चों को पेट दर्द की शिकायतें हो रहीं हैं नतीजा डायरिया, टाइफाइड जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

# रजत महोत्सव पर आस्था विद्या मंदिर के बच्चों ने नृत्य की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज : गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में ₹छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव₹ का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के समस्त जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ रजत प्रतीक चिन्ह₹ का उपयोग कर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति देने का दिशा निर्देश दिया गया था। इसका परिपालन में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा सहयोग से आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के बच्चों ने विकसित छत्तीसगढ़ पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुति दी। नृत्य में छत्तीसगढ़ में पूरे 25 वर्ष में विकास कार्यों, शासन के योजनाएं एवं उपलब्धियों को सुंदर ढांचे के रूप में



प्रदर्शन किया। जिसे देखकर उपस्थित समस्त लोग मंत्रमुग्ध होगए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद जिले एवं प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, उद्योग, व्यापार, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत आईएएस, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा आईएएस, पुलिस अधीक्षक गौरव राय आईपीएस, जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप गौतम, एपीसी राजेंद्र प्रसाद पांडे, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य बिरेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चें एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं व बधाई दी। बच्चों का उक्तृष्ट प्रस्तुति के लिए अतिथियों एवं अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट दे कर सम्मानित किया।

### नारद जयंती पर वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान



**सुकमा।** शबरी माता जनकल्याण सेवा समिति सुकमा द्वारा नारद जयंती के अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को सुकमा प्रेस क्लब में हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर से वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मिश्रा तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला जनसंपर्क अधिकारी सुखसागर वारे उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरुआत माँ दंतेश्वरी, भारत माता एवं महर्षि नारद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद अतिथियों का तिलक व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता अरविंद मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, इसमें जिम्मेदारी और निष्पक्षता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता में पत्रकारिता का योगदान ऐतिहासिक रहा है। मिश्रा ने पंचपरिवर्तन की दिशा में कार्य करने पर बल दिया जिसमें स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, परिवार प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया की अग्रणी भूमिका है।

# भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर विधायक बघेल ने किया नमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज अपने निवास स्थल पर भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर विधायक बघेल ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों से भारत को नई दिशा दी उन्होंने भारत को 21वीं सदी की आधुनिक सोच से जोड़ते हुए तकनीक और प्रगति के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी। उन्होंने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती दी तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया।

विधायक ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्व. राजीव गांधी ने प्रगति और विकास के नए द्वार खोले आज भी उनके विचार और कार्य समाज एवं देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उनके योगदान की अमिट छाप भारतवासियों के दिलों में सदैव अंकित रहेगी। इस दौरान मौजूद रहें चंपा ठाकुर, गणेश बघेल, तुलाराम सेठिया, हेमंत कश्यप, जयंती नेताम, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, विजय भारती, कमला, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

# सुदूर अंचल के शालाओं का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी

सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक व माध्यमिक शाला बड़ेपारा भानपुरी व हायर सेकंडरी फरसागुड़ा का निरीक्षण किया। संकुल कुंगारपाल के प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भट्टीपारा का अवलोकन किया गया।

प्राथमिक शाला भवन में बच्चों की औसत उपस्थिति आशा के अनुरूप नहीं पाई गई, जबकि इस शाला में पर्याप्त 3 शिक्षक पदस्थ है। तीनों को अधिकारी द्वारा फटकार लगाते हुए सतत पालकों से सम्पर्क करने निर्देशित किया। वही सम्बन्धित संकुल समन्वयक को भी स्थिति सुधारने की हिदायत दी गई। अपने अगले भ्रमण के दौरान हायर सेकेंडरी



कुंगारपाल में उपस्थित होकर शाला का निरीक्षण किया। सभी प्रयोगिक लेब का मुआयना किया व सामग्रियों के व्यवस्थित रख रखाव की स्थिति देखी। फिर क्लास में बच्चों के बीच पहुंचकर विषय से सम्बंधित चर्चा की व अध्यापन भी करवाया गया। बच्चों से प्रयोगिक कार्य करवाने के सम्बंध में जानकारी भी ली। क्लास 12वी में रसायन विषय के कालखण्ड में कार्बनिक रसायन से सम्बंधित सवाल अधिकारी द्वारा पूछे गए जवाब न मिलने पर स्वयं ब्लैकबोर्ड के माध्यम से रासायनिक समीकरण द्वारा समझाया गया। फिर स्टाफ रूम पहुंचकर उपस्थित सभी स्टाफ से शाला समय पर खुलने व बन्द होने व टाइम टेबल अनुसार अध्यापन कार्य करने प्रयोगिक कार्य प्रारंभ करने सम्बन्ध में उपस्थित स्टाफ से रूबरू होकर चर्चा की गई। डेली डायरी का अवलोकन भी किया गया। कुछ कमियां पाई गई, जिसे त्वरित सुधार करने निर्देशित किया गया। अधिकारी द्वारा बताया कि केवल शीर्षक लिखकर इतिश्री नहीं किया जाय बल्कि अध्यापन विवरण का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। क्योकि यह शिक्षक का दर्पण होता है। सालेमेटा संकुल के अंतर्गत, माध्यमिक शाला पखनाकोंगेरा व हाइस्कूल पखनाकोंगेरा का निरीक्षण किया गया। जिसमें कक्षा 7वी व 8वी के बच्चों से रूबरू होकर गणित विषय के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। फिर अधिकारी द्वारा हाइस्कूल में कक्षा 9वीं की क्लास ली गई, जिसमें संस्कृत विषय में हिंदी से संस्कृत अनुवाद कैसे किया जा सकता है कि जानकारी धातुरूप व धातुक्रिया को ब्लैकबोर्ड में चार्ट बनाकर समझाया गया। अगले क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला सोरगांव व हाईस्कूल सोरगांव का निरीक्षण किया गया। यहां भी 6वीं,7वीं व 8वीं के बच्चों की क्लास ली गई। जिसमें अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय की जानकारी देते हुए श्यामपट का प्रयोग भी किया गया।

बच्चों का स्तर सन्तोषप्रद पाया गया। एक बच्चे द्वारा 26 तक का पहाड़ा सुनाने पर अधिकारी द्वारा तुरन्त पारितोषित भी किया गया। शाला के सभी अभिलेखों का अवलोकन, डेली डायरी का अवलोकन भी किया गया। मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाया गया। जिसमें सभी उपस्थित 85 बच्चों को विशेष रूप से प्रति छात्र एक-एक अंडा परोसा गया था। निरीक्षण के दौरान बीआरसी अजम्भर कोर्राम साथ में उपस्थित थे। अधिकारी ने बताया कि उनका निरीक्षण निरन्तर सतत जारी रहेगा।

# साइबर फ्राड से बचने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा


दरभा पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध यातायात नियमों एवं नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बुधवार को बताकर आमजन को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से सतर्क करना रहा।

कार्यक्रम में दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग की साइबर पुलिस टीम और बैंक के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से ठगी की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, जैसे नकली वेबसाइट बनाना, फर्जी क्यूआर कोड भेजना, केवाईसी अपडेट के




नाम पर फर्जी कॉल करना आदि, अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई कॉल, मैसेज या लिंक संदिग्ध लगे तो उस पर कोई जानकारी साझा न करें और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। इस दौरान कई नागरिकों ने अपने साथ हुई साइबर ठगी की घटनाएं साझा कीं, जिस पर थाना प्रभारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए जरूरी सलाह दी। मौजूद नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। यदि ठगी की सूचना समय रहते मिल जाए तो बैंकिंग लेन-देन को रोका जा सकता है और नुकसान से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### सड़क दुर्घटना की जांच के बाद दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मासुलपानी मोड़ के पास हुई दुर्घटना के विवेचना में पाया गया कि डुडूमबाहरा निवासी 19 वर्षीय जितेन्द्र कोड़ोपी पिता शिवप्रसाद कोड़ोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयु 2895 को लेकर स्वयं चलाकर ग्राम देवगांव मेला गया था। देवगांव मेला से घर आते समय ग्राम मासुलपानी मोड़ के पास मोटर सायकल साजा पेड़ से टकराकर एक्सीडेंट हो गया। इलाज के लिए डीके अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### ज्वाला प्रसाद बने सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लॉक अध्यक्ष



**भानुप्रतापपुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक रखी गई थी। बैठक में सर्व सहमति से ज्वाला प्रसाद जैन को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का जिला स्तरीय स्थापना दिवस भानुप्रतापपुर मनाए जाने को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग समाज का भवन बनने के लिए भूमि आरक्षित किया गया है, जिसमें सहमति प्रदान करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर को आवेदन दिया गया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग समाज के संभाग उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जिला अध्यक्ष मधेश्वर जैन, हरेश चक्रधारी, राजीव श्रीवास सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दो दुकानों का ताला तोड़कर नकद व कपड़ों को चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर में बीती रात मुख्य चौक दल्लीराजहरा रोड पर स्थित साड़ी सेंटर और पास की प्लास्टिक दुकान में चोरों ने धावा बोल दिया। दुकानदार सुबह जब दुकान खोलने पहुँचे तो, उन्होंने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर पता चला कि गल्ले से नकद रकम और कुछ कपड़े गायब हैं। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुँची और चोरी के तरीकों को कैमरे में कैद किया। समाचार लिखे जाने तक अपराध दर्ज नहीं हो पाया था।

नगर भानुप्रतापपुर के दोनों दुकान के संचालकों ने बताया कि मंगलवार 19 अगस्त को रात के दुकान में ताला लगाकर घर गए थे। बुधवार 20 अगस्त को सुबह दुकान खोलने के लिए पहुँचे, तब दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दिया, साथ ही पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस की टीम ने पहुँचकर चोरी हुए स्थल की फोटोग्राफी भी किया और यह जानने का प्रयास किया कि चोरी का तरीका किस तरह का था।

पुलिस ने दुकानदारों से पूछताछ भी किया। चोरी हुई रकम व नकदी का समाचार लिखे जाने तक मूल्यांकन नहीं हो पाने के कारण एफआईआर नहीं हो पाई। पुलिस आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोर में संलिप्त चोरो के सुराग को खोजने में लगी हुई है।

## मुख्य चौक में चोरी को वारदात को दिया अंजाम



### सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से बंद

पुलिस विभाग के माध्यम से नगर में चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन बताया जा रहा है कि यह कैमरे विगत समय से बंद पड़े हैं। इनकी मरम्मत जिला मुख्यालय से की जानी है, परंतु लंबे समय से सुधार का प्रयास नहीं हो पाया है। इसका नतीजा यह है कि चोरी और सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं में पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुँचना कठिन हो रहा है। लगातार हो रही चोरियों से नगर के व्यापारी और आम लोग चिंतित हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते सीसीटीवी कैमरे चालू नहीं किए गए और गश्त नहीं बढ़ाई गई तो ऐसी घटनाओं में वृद्धि होती जाएगी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने और कैमरों की मरम्मत कराने की मांग किया है, ताकि अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

## प्रेसवार्ता : आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में कलेक्टर ने दी जानकारी

# भविष्य में आदिवासी ग्रामों के विकास के लिए कैडरों की ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में होगी महत्वपूर्ण भूमिका अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रेसवार्ता लेकर शासन द्वारा शुरू की गई आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया था। इसका प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसकी परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजाति नेतृत्व आंदोलन के रूप में की गई है। यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल किए गए हैं। अभियान के तहत जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर ट्रेनर तथा ग्राम स्तर पर कैडर जैसे- अशासकीय संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, पंचायत सचिव, युवा, पंच, फ्रंटलाइन कर्मचारी एवं सेवाभावी संगठन एवं स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। ये सभी जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाओं जैसे- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे- आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस अभियान के तहत लाइन विभागों वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग इत्यादि के साथ आदि कर्मयोगी अभियान पर उन्मुखीकरण एवं क्रियान्वयन के लिए आवश्यक पहल की जा रही है। अभियान अंतर्गत चिन्हांकित प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना किया जाना है। इस सेवा केन्द्र से विभिन्न शासकीय सेवाओं को प्रदान किया जाएगा एवं विचार-विमर्श के लिए ग्राम सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

■ 17 सितम्बर से अभियान की होगी शुरूआत

अभियान के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रशिक्षण के लिए प्रभारी मंडल संयोजक कपिल भट्ट, सहायक वन संरक्षक किशोरीलाल साहू, जेंडर विशेषज्ञ खुलेश साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संकाय सदस्य पंकज कुमार सिन्हा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राजेश हिरकने को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि हम सबकी सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व एवं समन्वय से ही इस अभियान का ध्येय सेवा, समर्पण एवं संकल्प प्राप्त किया जा सकेगा।

### शासकीय सेवाओं की प्रदायगी को सशक्त करना उद्देश्य




अभियान के अंतर्गत सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों को सशक्त कर नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना तथा ग्राम स्तर पर शासकीय सेवाओं की प्रदायगी को सशक्त करना है। इस सोलह दिवसीय अभियान के अंतर्गत प्रत्येक चयनित ग्राम के लिए 2 अक्टूबर के पूर्व ट्रायबल विलेज विजन-2030 का निर्माण, जनभागीदारी के तहत विशेष जागरूकता अभियान, शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय के लिए शिविरों का आयोजन, प्रत्येक पखवाड़े में आदिवासी सेवा दिवस एवं प्रत्येक सप्ताह सोमवार आदिवासी सेवा के लिए निश्चय समय का आयोजन किया जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनायी



**भानुप्रतापपुर।** ब्लॉक काँग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर द्वारा 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ब्लॉक काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव आधुनिक भारत के शिल्पकार रहे। वे कप्यूटर युग के जनक, टेक्निकल क्रांति, दूरसंचार क्रांति के साथ पंचायतों को सीधे सरकार जोड़ने, युवाओं की भागीदारी के लिए मतदान की उम्र 21 वर्ष से 18 वर्ष करने, स्थानीय संकायों में महिलाओं की 35 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे अनेकों कार्य किए। इस दौरान मुकेश चंद्राकर, गुरदीप ढींढसा, पप्पू सोनी, निर्मल शिवहरे, गोपाल राठी, मोहन मंडावी, नमन जैन, सीमा सेनगुप्ता, फुरकान अहमद, रवि दुग्गा, निर्मल शिवहरे, युवक पंकज वाधवानी, नवनीत ठाकुर, शुभम ठाकुर, विजय धामेचा, नरेंद्र कुलदीप, बब्बू मरकाम, निशा तिवारी सहित अनेकों काँग्रेसी उपस्थित रहे।

## सोनझरिया समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व संगठन मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के सोनझरिया समाज ने अपनी जाति कि मात्रा में त्रुटि को सुधारने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री पवन साय से मिले और अपनी समस्या रखी।

सोनझरिया समाज के अध्यक्ष पन्नालाल मंडावी, उपाध्यक्ष कमलेश मंडावी, सचिव रमेश मरकाम, महामंत्री चतुरसिंह पात्रे ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री को बताया कि हम सभी सोनझरिया आदिवासी हैं, लेकिन मात्रात्मक त्रुटि सुधार के कारण हमारी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे।

हमारे जमीनी दस्तावेज में सोनझरिया अंकित है, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में सोनझरी अंकित है, इस कारण जब हम बच्चों की जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जाते हैं, तो मात्रात्मक त्रुटि के चलते जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होती है। इस कारण हमारे बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा शासन से मिलने वाली सुविधा भी हमारे बच्चों को नहीं मिल रही है। हम कई बार शासन प्रशासन से लिखित आवेदन निवेदन कर सोनझरिया और सोनझरी मात्रात्मक त्रुटि सुधार की मांग कर रहे हैं, लेकिन कई साल बीत गए हमारे जाति में जो मात्रात्मक त्रुटि है। उसमें कोई सुधार नहीं हो रही है, इस कारण बच्चों की जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रही है, ना ही वह पढ़ाई कर पा रहे हैं, हमारी मांग है की आप जिम्मेदार हैं। आपकी सरकार है, इसलिए हमारी समस्या को गंभीरता पूर्वक विचार कर शासन से त्रुटि सुधार कर कर जाति प्रमाण पत्र जारी कराने की पहल करायें। सोनझरिया समाज ने बड़ी संख्या में अपने सोना झारने की सामाग्री को लेकर अपनी पहचान दिखाने रायपुर के भाजपा कार्यालय पहुंचे और अपनी व्यथा बताई।



### शीतकालीन सत्र में सोनझरिया समाज की मांग को प्रमुखता से विस में रखेंगे

इधर सोनझरिया परिवार की बात सुनकर जगदलपुर विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा की आदिवासी सोनझरिया समाज की मात्रात्मक त्रुटि के चलते जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाना गंभीर विषय है। जाति प्रमाण पत्र के लिए बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होना गंभीर विषय है। इसलिए जाति प्रमाण पत्र बने मात्रात्मक त्रुटि सुधार हो इसके लिए विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में सोनझरिया समाज की मांग को प्रमुखता से रखेंगे और हमारी कोशिश होगी की सोनझरिया समाज की मात्रा त्रुटि सुधार हो और जाति प्रमाण पत्र बने और शासन की सुविधा भी मिलने लगे। इस दौरान हजारी मंडावी, देवारसिंग मंडावी, प्रेमलाल मरकाम, डोमन मंडावी सहित बड़ी संख्या में सोनझरिया समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर



**चारामा।** विकासखंड के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है, जिसके चलते ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाये प्रभावित हो रही है। चारामा ब्लॉक के कुल 85 कर्मचारी आंदोलन में शामिल हुए है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विरेन्द्र कांगे, डॉ. उपासना खेर, सुशीला नेताम, समीक्षा व दिलीप साहू सहित अन्य ने बताया कि वर्तमान सरकार चुनाव के समय में अपनी मोदी की गारंटी में सभी कर्मचारी को 100 दिन में नियमितीकरण करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नही किया गया।

राज्य में लंबे अरसे से हम एनएचएम कर्मचारियों द्वारा संविलियन सहित क्लीनिकल तथा मैनेजमेंट दोनों ही वर्ग के लिए पब्लिक हेल्थ कैडर की मांग की जाती रही है। इसके साथ ही ग्रेड पे, सीआर व्यवस्था में सुधार, ट्रांसफर नीति निर्माण, अनुकंपा नियुक्ति, दुर्घटना राशि में वृद्धि, मेडिकल अवकाश आदि को लेकर लगातार संघ द्वारा ज्ञापन विगत कई वर्षों से दिया जा रहा है। किंतु आज पर्यन्त तक इस पर कुछ भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जबकि मणिपुर में एनएचएम कर्मियों का नियमितीकरण किया गया है। तमिलनाडु में समयबद्ध रूप में नियमितीकरण हो जाता है बिहार राज्य में पब्लिक हेल्थ कैडर की व्यवस्था की गई है। यह भी अत्यंत दुःखद है कि जुलाई 2023 में राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्रदेश के एनएचएम कर्मियों को आज तक प्राप्त नहीं हुई है, जबकि अन्य कई विभागों मे यह प्रदाय किया गया है। राज्य में मोदी की गारंटी के नाम से बने चुनावी घोषणा पत्र में भी संविदा कर्मियों की समस्याओं के निदान का वादा किया गया जो अब तक अधूरा है। 150 से अधिक ज्ञापन देने के पक्षात भी शासन का रुझान उदासीन है।

## धान से भरे ट्रक को लेकर फरार मामले में चालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



धान से भरे ट्रक को राइस मिल पहुंचाने के लिए व्यापारी ने अपने वाहन चालक को बोला था। वाहन का चालक धान से भरे ट्रक को लेकर निकला और फरार हो गया। घटना की शिकायत 18 अगस्त को कांकेर थाना में किया गया। मामले में पुलिस ने इस मामले में लिप्त ट्रक चालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे पुसवाड़ा निवासी प्रदीप कुमार साहू पिता स्व. सुकचंद ने पुलिस को बताया कि वह क्षेत्र के आस-पास के लोगो से धान खरीदी का काम करता है। 16 अगस्त को ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 1050 में 305 बोरी धान वजनी 121 क्विंटल को ट्रक में लोड करवा और ड्रायवर रामप्रसाद निषाद निवासी बिल्हा जिला बिलासपुर को बोला राजिम के रुद्रा राईस मिल लेकर चलो, कांकेर के कोठारी पेट्रोल पम्प में रहना, मैं इसका मंडी विल्टी बनवाकर कांकेर मंडी से आ रहा हूँ बोला था। ड्रायवर ने ट्रक सीजी 19 एच 1050 को लेकर ग्राम पुसवाड़ा से निकला और ट्रक सहित भाग गया। ड्रायवर के मोबाईल नम्बर से काल किया तो वह नंबर को ब्लेक लिस्ट में डाल दिया थाना कांकेर पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी वाहन चालक का पता तलाश किया। आरोपी राम प्रसाद निषाद खपरी बिल्हा में होना पता चलने पर टीम द्वारा खपरी पहुंच आरोपी राम प्रसाद को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। आरोपी रामप्रसाद द्वारा अन्य आरोपीगणों का होना मेमोरेण्डम में बताने से अन्य आरोपी वेद कुमार साहू, नेमचंद साहू एवं कामता प्रसाद का पता तलाश के लिए टीम रवाना किया गया।

आरोपीगणों का उनके निवास स्थान खपरी, श्यामतरई जिला धमतरी, कोचवाही जिला बालोद में होना पता चलने पर टीम द्वारा हिरासत में लेकर थाना लाकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया । आरोपीगणों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने पर 20 अगस्त को आरोपी बिलासपुर जिला के बिल्हा थानांतर्गत ग्राम खपरी निवासी 28 वर्षीय रामप्रसाद निषाद पिता शत्रुघन निषाद, अर्जुनी थानांतर्गत खपरी निवासी 31 वर्षीय वेद कुमार साहू पिता विक्रम साहू, अर्जुनी थानांतर्गत श्यामतराई निवासी 38 वर्षीय नेमचंद साहू पिता घसीयाराम साहू और बालोद जिला के गुरूर थानांतर्गत कोचवाही निवासी 27 वर्षीय कामता प्रसाद पिता स्व. लोचन प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है।

मामला अजमानतीय होने से रिमाण्ड तैयार कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय कांकेर पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष नागर, सउनि चेतन साहू, प्रआर शिव कुमार बेसरे, आरक्षक श्रवण ठाकुर, राकेश बघेल, वयंत सरोज एवं थाना पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रहा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

**कोरर।** बस स्टैंड परिसर में कोरर मंडल कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की जयंती मनायी। सर्वप्रथम स्व. राजीव गांधी कि छाया चित्र पर पुष्प एवं तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया गाया। इस अवसर पर बस स्टैंड परिसर में कोरर मंडल कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर हेमंत ध्रुव, पदमा ठाकुर, झरना ध्रुव, रामकुमार शुक्ला, अय्यूब कुरैशी, राजकुमार राठी, सौरभ ठाकुर, राघवेन्द्र राजपूत, शिवा शुक्ला, गणेश सोनी, प्रदीप ठाकुर, सुनहेर गजेंद्र, महेश सलाम, समरेस शोरी, पुखराज कोसमा, दरियाओ कोरेटी, बिरजू नेताम, सुरेश राजपूत, सद्दाम ढूंगा, राधे बंजारे, अशोक कुलदीप व अन्य उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तहसीलदार ने मावा मोदोल लाइब्रेरी का किया आकस्मिक निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** मावा मोदोल लाइब्रेरी का तहसीलदार केतन भोयर के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को तैयारी के विषय में विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन, आत्मविश्वास एवं प्रतियोगिता परीक्षा के लिए समसामयिक विषय के पढ़ने के तरीके, लक्ष्य का निर्धारण, समय नियोजन, सपने देखना और उसके पीछे जी जान से लगाने की बात कही। प्रतियोगिता परीक्षा में कंपिटिशन की भावना ग्रुप में आपस में चर्चा करना एवं अन्य विषय वस्तुओं पर गंभीरता पूर्वक जानकारी दी। आगे के तैयारी के लिए कैसे रणनीति बनाए उसके लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मावा मोदोल लाइब्रेरी के प्रभारी कौशल जैन एवं अन्य प्रतियोगी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

